सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-365
24/08/2017

बिहार विधान मण्डल के कई सदस्यों ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया अंशदान

पटना, 24 अगस्त 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से मिलकर बिहार विधान मण्डल के कई सदस्यों ने मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान का चेक सौंपा। इस क्रम में विधान पार्षद श्री रामवचन राय ने एक लाख रूपये, विधान पार्षद श्री शिवप्रसन्न यादव ने एक लाख रूपये, विधान पार्षद श्रीमती रीना देवी ने एक लाख रूपये, विधान पार्षद श्री विजय कुमार मिश्र ने 30 हजार रूपये, विधायक श्री ललन पासवान ने पचास हजार रूपये, विधायक श्री अमरनाथ गामी ने 30 हजार रूपये का चेक सौंपा।

वहीं दूसरी ओर सांसद श्री अरूण कुमार ने एक लाख रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को सौंपा। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान करने के लिये विधान मण्डल के सदस्यों एवं सांसद को धन्यवाद दिया तथा उनकी इस सामाजिक पहल की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपदा के समय हम सबको अपनी संवेदनशीलता को प्रदर्शित करना चाहिये और पीड़ितों की सेवा में बढ़–चढ़कर हाथ बंटाना चाहिये।

******